## महत्वपूर्ण एवं खास

### 13 डिप्टी कलेक्टरों को मिली नई पोस्टिंग

**रायपुर (आरएनएस)।** राज्य प्रशासनिक सेवा के डिप्टी कलेक्टर कनिष्ठ श्रेणी के 13 अफसरों को नई पदस्थापना दी गई है। सामान्य प्रशासन महानदी भवन से इस आशय का आदेश जारी कर दिया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग से जारी आदेशानुसार सारिका मित्तल सामान्य प्रशासन विभाग को डिप्टी कलेक्टर मुंगेली, शुभव देव सामान्य प्रशासन विभाग से डिप्टी कलेक्टर महासमुंद, शिक्षा शर्मा सामान्य प्रशासन विभाग से डिप्टी कलेक्टर सारंगढ़-बिलाईगढ़, पूजा पींचा सामान्य प्रशासन विभाग से डिप्टी कलेक्टर खैरागढ़, छुईखदान, गंडई, मधु गभेल सामान्य प्रशासन विभाग से डिप्टी कलेक्टर सारंगढ़-बिलाईगढ़, देवाशीष कुर्रे सामान्य प्रशासन विभाग से डिप्टी कलेक्टर बलौदाबाजार, भाटापारा, भावना साहू सामान्य प्रशासन विभाग से डिप्टी कलेक्टर जांजगीर-चांपा, लोकांश एल्मा सामान्य प्रशासन विभाग से डिप्टी कलेक्टर दंतेवाड़ा, रश्मि पोया सामान्य प्रशासन विभाग से डिप्टी कलेक्टर कोण्डागांव, आशीष कुमार सामान्य प्रशासन विभाग से डिप्टी कलेक्टर बालोद, सुमित कुमार ध्रुव सामान्य प्रशासन विभाग से डिप्टी कलेक्टर सुकमा, अभिषेक तंबोली सामान्य प्रशासन विभाग से डिप्टी कलेक्टर बीजापुर भेजे गए हैं।

### पेट दर्द की शिकायत पर आवासीय विद्यालय के 22 बच्चे हुए अस्पताल में भर्ती

**जशपुर (आरएनएस)।** एकलव्य आवासीय विद्यालय पत्थलगांव के लगभग 22 बच्चे शनिवार को अचानक पेट दर्द की शिकायत पर के बाद उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती किये गये है। हालांकि बच्चों की हालत अभी ठीक बताई जा रही है। आदिम जाति कल्याण विभाग जशपुर के अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को एकलव्य आवासीय विद्यालय पत्थलगांव के लगभग 22 बच्चों ने अचानक पेट दर्द की शिकायत की। जिसके बाद सभी को पत्थलगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती किया गया। डाक्टरों ने बताया कि एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय सरईटोला पत्थलगांव के सभी बच्चे ठीक हैं। बताया जा रहा है कि फिलहाल बच्चों की हालत ठीक बताई जा रही है।

### दुर्ग रेंज पुलिस महानिरीक्षक राम गोपाल गर्ग को प्रधानमंत्री सिल्वर कप ट्रॉफी से सम्मानित किया गया

**दुर्ग (आरएनएस)।** राष्ट्रीय पुलिस अकादमी हैदराबाद में आयोजित पासिंग आउट परेड में दुर्ग रेंज के पुलिस महानिरीक्षक राम गोपाल गर्ग को केंद्रीय गृह राज्य मंत्री द्वारा प्रधानमंत्री सिल्वर कप ट्राफी से सम्मानित किया गया। उन्हें केस स्टडी प्रतियोगिता 2024 में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। पुलिस महानिरीक्षक राम गोपाल गर्ग ने अपनी केस स्टडी (पुलिसिंग में प्रौद्योगिकी का उपयोग) विषय पर प्रस्तुत की, जिसमें उन्होंने अपनी विश्लेषणात्मक और अभिनव सोच का परिचय दिया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर उन्होंने न केवल दुर्ग रेंज सहित पूरे छत्तीसगढ़ राज्य का गौरव बढ़ाया। गर्ग ने बताया कि पुलिसिंग में आधुनिक तकनीकी उपयोग न केवल अपराध नियंत्रण में बल्कि नागरिकों की सुरक्षा एवं सेवा में भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उनके इस विशिष्ट उपलब्धि ने छत्तीसगढ़ राज्य को राष्ट्रीय स्तर पर एक नई पहचान दिलाई है।

### चाकू लेकर घुमते हुए 8 आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** कोतवाली और गोलबाजार थाना पुलिस ने चाकू लेकर घुमते हुए 8 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चाकू जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली पुलिस ने गणेश झांकी के दौरान चाकू लेकर घुमते हुए आरोपी भूषण फूंडे 20 वर्ष, चोवाराम यादव 19 वर्ष, राजेश महानंद 22 वर्ष, कुलेश्वर पाटले 21 वर्ष, कृष्णा साहू 21 वर्ष, हेमकुमार बाग 24 वर्ष व भक्कु देवार 19 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं गोलबाजार पुलिस ने आरोपी सलमान मिर्जा बेग 21 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

# राष्ट्रपति भवन में बस्तर के नक्सल पीड़ितों ने रखी अपनी पीड़ा, साय की संवेदनशील पहल का हुआ उल्लेख

**नई दिल्ली/रायपुर । आरएनएस**



राष्ट्रपति भवन में आज का दिन बस्तर के नक्सल पीड़ितों के लिए उम्मीदों भरा था। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बस्तर क्षेत्र से आए 70 लोगों का एक प्रतिनिधिमंडल, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की संवेदनशील पहल के तहत, अपनी पीड़ा को लेकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिलने पहुंचा। उनके चेहरे पर वर्षों से झेले गए अत्याचार की छाप थी, लेकिन उनकी आंखों में अब उम्मीद की किरण भी नजर आ रही थी।

राष्ट्रपति से मुलाकात का उद्देश्य साफ था — नक्सली हिंसा से प्रभावित लोगों की समस्याओं को देश की सर्वोच्च शक्ति के सामने रखना और बस्तर को माओवाद के आतंक से मुक्त कराने की अपील करना। मुलाकात के दौरान पीड़ितों ने बताया कि कैसे माओवादी हमलों ने उनके जीवन को तबाह कर दिया है।

**बस्तरवासियों की व्यथा**

प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति को अवगत कराया कि पिछले चार दशकों से बस्तरवासी माओवादी आतंक का दंश झेल रहे हैं। माओवादी हमलों में हजारों लोग अपनी जान गंवा चुके हैं और सैकड़ों लोग अपंग हो चुके हैं। बारूदी सुरंगों और बम विस्फोटों ने उनके जीवन को तहस-नहस कर दिया है। विस्फोटों से न केवल शरीर को नुकसान पहुंचा है, बल्कि मानसिक रूप से भी वे पूरी तरह टूट चुके हैं।

प्रतिनिधियों ने बताया कि माओवादियों ने उनके घर, जमीन और संस्कृति को भी बर्बाद कर दिया है। बस्तर में 8,000 से अधिक लोग पिछले ढाई दशकों में माओवादी हिंसा के शिकार हुए हैं। आज भी कई लोग नक्सलियों के डर के साये में जीने को मजबूर हैं। जहां देश के अन्य हिस्सों में लोग स्वतंत्रता का आनंद ले रहे हैं, वहीं बस्तर के लोग अपनी जमीन और अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहे हैं।

**मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की संवेदनशील पहल**

प्रतिनिधिमंडल ने जब राष्ट्रपति के समक्ष अपनी बात रखी, तो उन्होंने खास तौर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व को सराहा। प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति को बताया कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री की संवेदनशील पहल और नेतृत्व के कारण बस्तर में शांति बहाली और विकास के कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। उनके नेतृत्व में बस्तर में न केवल नक्सल उन्मूलन के लिए प्रभावी कार्य किए जा रहे हैं, बल्कि लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसी मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जा रही हैं। उनके द्वारा शुरू की गई योजनाओं ने बस्तरवासियों में एक नई आशा जगाई है।

**शांति और पुनर्निर्माण की अपील**

बस्तर शांति समिति के प्रतिनिधिमंडल के नेताओं मंगऊ राम कावड़े और जयराम दास ने राष्ट्रपति से अनुरोध किया कि बस्तर में शांति बहाल करने के लिए ठोस और निर्णायक कदम उठाए जाएं। उन्होंने कहा कि बस्तर कभी अपनी प्राकृतिक सुंदरता और शांतिपूर्ण जीवन के लिए जाना जाता था, लेकिन माओवादी आतंक ने इस स्वर्ग को बर्बाद कर दिया है। उन्होंने राष्ट्रपति से आग्रह किया कि बस्तर को माओवादी आतंक से मुक्त करने के लिए विशेष प्रयास किए जाएं, ताकि वहां फिर से शांति और सामान्य जीवन लौट सके।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नक्सल पीड़ितों की व्यथा गंभीरता से सुनी और आश्वासन दिया कि सरकार बस्तर में शांति और विकास के लिए हरसंभव कदम उठाएगी। उन्होंने कहा कि बस्तरवासियों के बेहतर भविष्य के प्रति सरकार पूरी तरह से प्रतिबद्ध है और जल्द ही उन्हें राहत मिलेगी।

## संस्कृति विभाग की राज्य और राष्ट्रीय सम्मान 2024 के लिए आवेदन आंमत्रित

**रायपुर । आरएनएस**

संस्कृति विभाग द्वारा राज्य और राष्ट्रीय सम्मान 2024 के लिए आवेदन आंमत्रित किए गए है। इच्छुक आवेदक निर्धारित प्रारूप में अपना आवेदन सीधे पंजीकृत डाक के माध्यम से 5 अक्टूकर तक संचालनालय संस्कृति एवं राजभाषा द्वितीय तल, व्यावसायिक परिसर, सेक्टर-27, नवा रायपुर अटल नगर छत्तीसगढ़ को अपना आवेदन प्रेषित कर सकते है। आवेदक विस्तृत जानकारी विभाग के वेबसाईट पर प्राप्त कर सकते है। चयनित पात्र को राज्य अलंकरण समारोह के अवसर पर राज्य अलंकरण सम्मान से विभूषित किया जाएगा। गौरतलब है कि संस्कृति विभाग द्वारा 11 राज्य स्तरीय सम्मान और 01 राष्ट्रीय सम्मान प्रदान किया जाता है। संस्कृति विभाग के अधिकारियों ने बताया कि संस्कृति विभाग द्वारा स्थापित सम्मान में हिन्दी साहित्य के लिए पं. सुन्दरलाल शर्मा सम्मान, लोक नाट्य एवं लोक शिल्प के क्षेत्र में दाऊ मंदराजी सम्मान, शास्त्रीय संगीत एवं नृत्य के लिए चक्रधर सम्मान, देश के बाहर अप्रवासी भारतीय द्वारा सामाजिक कल्याण, साहित्य, मानव संसाधन, निकाय अथवा आर्थिक के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ अप्रवासी भारतीय सम्मान, हिन्दी/छत्तीसगढ़ी सिनेमा में रचनात्मक लेखन, निर्देशन, अभिनय, पटकथा लेखन हेतु किशोर साहू सम्मान और हिन्दी/छत्तीसगढ़ी सिनेमा में सर्वश्रेष्ठ फिल्म निर्देशन हेतु किशोर साहू राष्ट्रीय सम्मान शामिल है। इसी प्रकार लोक नृत्य और पंथी नृत्य हेतु क्रमश: देवदास बंजारे स्मृति सम्मान और देवदास बंजारे स्मृति पंथी नृत्य सम्मान, आंचलिक साहित्य/लोक कविता के लिए लाला जगदलपुरी साहित्य सम्मान, छत्तीसगढ़ी लोकगीत के लिए लक्ष्मण मस्तुरिया सम्मान, छत्तीसगढ़ी लोक संगीत के क्षेत्र खुमान साव सम्मान, समकालीन रंगकर्म के क्षेत्र हबीब तनवीर सम्मान शामिल है।

### कबरबिज्जुओं को पकडने कनकी में रेस्क्यू अभियान शुरू

**कोरबा (आरएनएस)।** कनकीधाम में मेहमान पक्षियों के लिए खतरा बने कबरबिज्जुओं को पकडने के लिए वन विभाग ने एक बार फिर रेस्क्यू अभियान शुरू किया है। आज सुबह वन विभाग की टीम यहां पहुंची और क्षेत्र में मौजूद कबरबिज्जुओं को पकडने के लिए जाल बिछाने के साथ ही कार्यवाही शुरू की। वन विभाग की टीम को देख कबरबिज्जू पेड़ो के बने खोह में घुस गए। बताया जाता है कि कबरबिज्जू अभी भी मेहमान पक्षियों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। हालांकि इसकी संख्या पहले की तुलना में काफी कम है फिर भी मेहमान पक्षियों के सुरक्षा को लेकर वन विभाग अलर्ट हुआ और इसे पकडने तथा अन्य स्थान पर ले जाकर छोडने का मन बनाया है। खबर है कि बिज्जू दिन भर खोह में छिप जाता है और रात होने पर वहां से बाहर निकलने के साथ मेहमान पक्षियों के घोंसले में पहुंचकर वहां मौजूद पक्षियों के छोटे-छोटे बच्चों को या तो काटकर मार देता है या नीचे गिरा देता है।

## एसआई भर्ती परीक्षा के रिजल्ट जारी करने की मांग को लेकर अनशन पर बैठे अभ्यर्थियो ने खत्म किया आंदोलन

**रायपुर । आरएनएस**

एसआई भर्ती परीक्षा के अभ्यर्थी रिजल्ट जारी करने की मांग को लेकर अनशन पर बैठे अभ्यर्थियो ने डिप्टी सीएम और गृहमंत्री विजय शर्मा से मुलाकात के बाद शनिवार को अपना अनशन तोड़ दिया है। भूख हड़ताल और अनशन में बैठे अभ्यार्थियों ने कहा कि डिप्टी सीएम शर्मा के दो सप्ताह में रिजल्ट जारी करने के आश्वासन के बाद भूख हड़ताल खत्म की है। अभ्यार्थियों ने कहा कि जैसे आश्वासन दिया गया है उसके अनुसार हमने अपना आंदोलन खत्म कर दिया है।

बता दें कि एसआई भर्ती परीक्षा की प्रक्रिया पूरी हो गई है उसके बाद आज तक रिजल्ट जारी नहीं हुआ है। रिजल्ट जल्द जारी करने की मांग को लेकर प्रदेश भर के अभ्यर्थी आंदोलन कर रहे थे और गृह मंत्री विजय शर्मा के निवास के बाहर धरने पर बैठे थे। शुक्रवार को गृहमंत्री विजय शर्मा एसआई भर्ती परीक्षा के अभ्यार्थियों से मिलने पहुंचे थे।

उन्होंने अभ्यर्थियों से जमीन पर बैठकर करीब 20 मिनट बातचीत की थी। इस दौरान विजय शर्मा ने आंदोलन कारियों को दो सप्ताह के भीतर उनकी समस्याओं का सामाधान करने का आश्वासन दिया है। जिसके बाद अभ्यर्थियों ने अपना आंदोलन समाप्त कर दिया। अभ्यर्थियों ने कहा कि दो सप्ताह के बाद भी अगर हमारी मांग पूरी नहीं होती है तो आगे फिर आंदोलन के लिए मजबूर हो जाएंगे।

## वन विभाग में सामने आया बड़ा फर्जीवाड़ा, 3 करोड़ 80 लाख की रायल्टी गड़बड़ी पहुंचा हाई कोर्ट

**बिलासपुर । आरएनएस**



मरवाही वनमंडल के पेंड्रा वन क्षेत्र में वन विभाग के निर्माण कार्यों में 3 करोड़ 80 लाख की रॉयल्टी गड़बड़ी के मामले में हाई कोर्ट में सुनवाई के दौरान वन विभाग की ओर से एक भी रॉयल्टी रसीद पेश नहीं की गई। विभाग ने कहा कि रॉयल्टी उनके दफ्तर में रखा है। कोर्ट ने याचिकाकर्ता को शासन के जवाब पर प्रत्युत्तर दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई तीन सप्ताह तय कर दी है।

मामला पेंड्रा के वन क्षेत्र में 121 एनीकट (छोटे बांध) के निर्माण से जुड़ा है। एनीकट निर्माण कार्य के लिए बड़ी संख्या में ट्रकों और हाइवा के माध्यम से रेत और गिट्टी जैसी खनिज सामग्री की सप्लाई की गई। नियमों के अनुसार, हर वाहन से रॉयल्टी की रसीद लेकर ही भुगतान किया जाना था, लेकिन वन विभाग ने बिना रसीद देखे ही खनिज परिवहनकर्ताओं को पूरा भुगतान कर दिया। इनमें करीब 3 करोड़ 80 लाख रुपये की रॉयल्टी सरकार को मिलनी थी।

## रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने भारत-नेपाल यात्रा के लिए भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन को दिखाई हरी झंडी

**रायपुर । आरएनएस**

अश्विनी वैष्णव, केन्द्रीय रेल सूचना एवं प्रसारण और इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री ने दिल्ली के हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन से भारत-नेपाल यात्रा के लिए भारत गौरव डीलक्स एसी टूरिस्ट ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। इस मौके पर राज्यसभा सांसद बालयोगी उमेश नाथ महाराज, रेलवे बोर्ड के चेयरमैन एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सतीश कुमार और उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक शोभन चौधुरी सहित रेलवे के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। पर्यटक अब भारत-नेपाल की साझा सांस्कृतिक विरासत का ले सकेंगे अनुभव। इस अवसर पर रेल मंत्री ने कहा कि रेलवे के माध्यम से लोगों को भारतीय संस्कृति का अनुभव कराने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प के तहत भारत गौरव यात्रा के रूप में एक के बाद एक भारत गौरव यात्रा ट्रेनें जोड़ी जा रही हैं।




पर्यटक अब भारत और नेपाल की साझा सांस्कृतिक विरासत का बेहतरीन अनुभव कर सकेंगे। यह ट्रेन अपने पैकेज में अयोध्या, सीतामढ़ी, जनकपुर, काशी विश्वनाथ और पशुपतिनाथ को कवर करेगी। ठहरने और यात्रा की सभी व्यवस्थाएं भारतीय रेलवे द्वारा वहन की जाएंगी। अब तक सबसे लोकप्रिय यात्रा ट्रेनों में रामायण यात्रा, जगन्नाथ यात्रा, बुद्ध यात्रा, महावीर यात्रा, गुरु कृपा यात्रा, ज्योतिर्लिंग भक्ति यात्रा, अंबेडकर यात्रा, चारधाम यात्रा, पुण्य काशी यात्रा, पूर्वोत्तर खोज, उत्तर भारत यात्रा और दक्षिण भारत यात्रा आदि शामिल हैं।

## तेंदुए ने बुजुर्ग महिला पर किया अटैक, जख्मी हालत में जिला अस्पताल में भर्ती

**गरियाबंद**



जिले के छुरा ब्लॉक के ग्राम सरायपाली में शनिवार सुबह तेंदुआ के हमले से एक 60 वर्षीय वृद्ध महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। महिला सुबह करीब 5:30 बजे अपने खेत जा रही थी, इस दरम्यान तेंदुआ ने उस पर हमला कर दिया। महिला ने शोर मचाया, तो आज पास के ग्रामीण पहुंचे और तेंदुआ को भगाया। तब तक महिला बुरी तरह जख्मी हो चुकी थी। उसे गरियाबंद जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।जानकारी मुताबिक ग्राम सरायपाली की रहने वाले तुलसी बाई पति स्व. जेठूराम गोंड़ रोज सुबह की तरह अपने खेत जा रही थी।तभी जंगल के पास तेंदुआ ने हमला कर दिया। तेंदुआ के हमले से महिला ने शोर मचाया।शोर शराबा सुन ग्रामीण पहुंचे।घायल महिला की नजदीकी उप स्वास्थ्य केंद्र ले गए।जहां से बेहतर उपचार हेतु गरियाबंद जिला अस्पताल रिफर कर दिया।जिला अस्पताल में उपचार जारी है।इधर,घटना के बाद से गांव में दहशत माहौल है।वन विभाग ने मुनादी कर ग्रामीणों को जंगल और खेत में अकेले ना जाने तथा जरूरी होने पर साथ में डंडा लेकर जाने की अपील की है।उन्होंने कहा की सुबह-सुबह और शाम के समय इसका विशेष ध्यान रखें।इसके अलावा महिला को प्रांभिक इलाज के लिए तीन हजार की सहायता राशि प्रदान की है।

छुरा रेंजर धीरेन्द्र साहू ने कहा की जंगल क्षेत्र से जुड़ी होने के कारण तेंदुआ अक्सर गांव की सीमा क्षेत्र में पहुंच जाता है ग्रामीणों को सतर्क रहने की समझाइए दी गई है। महिला को उपचार के लिए ?3000 की प्रारंभिक सहायता राशि भी प्रदान की गई है।

## लखपति दीदी का मिला मान, महतारी वंदन ने बढ़ाया महिलाओं का सम्मान

**❒ शासन की योजनाओं से सपने हुए साकार,संतोषी के परिवार में आई खुशियां अपार**

**रायपुर । आरएनएस**



विष्णु के सुशासन में महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में नित नए कदम उठाए जा रहे है। बिहान की योजनाएं हो या महतारी वंदन योजना या कृषक मित्र आदि से महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत किया जा रहा है। धमतरी के ग्राम पोटियाडीह की संतोषी हिरवानी को अब अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए किसी की मदद की आवश्यकता नही है। बिहान के तहत हिरवानी लखपति दीदी बन गई है। कृषक मित्र बनकर किसानों को जैविक खाद बनाने और उसका उपयोग करने को प्रेरित करती है। इसके साथ ही जैविक दवाइयों की बिक्री से हिरवानी को 2 हज़ार रुपए तक आमदनी हो जाती है।

इसके अलावा संतोषी चिकन सेंटर का संचालन कर रहीं हैं, जिससे उन्हें 6 से 7 हजार रूपये तक की आमदनी हो रही है। इसके साथ ही महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत मजदूरी और मनरेगा के तहत बने मुर्गी शेड में मुर्गियों का पालन करतीं हैं। वे बताती हैं कि इन सभी कामों से उसे साल में एक लाख रूपये से अधिक की आमदनी हो जाती है। इन सभी से होने वाली आमदनी का उपयोग वे अपने दोनों बच्चों को अच्छी सी अच्छी शिक्षा में देने के लिए करेंगी। संतोषी ने अपने जीवन में आये इस सुधार के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद दिया है।

संतोषी हिरवानी ने बताया कि उसे शासन की महत्वाकांक्षी योजना महतारी वंदन योजना का भी लाभ मिल रहा है। महतारी वंदन जैसी योजना के बलबूते छत्तीसगढ़ की गरीब महिलाओं में आत्मनिर्भरता की नींव धीरे-धीरे मजबूत हो रही है। छत्तीसगढ़ के महिलाओं की खुशियों के पीछे आर्थिक सशक्तिकरण का यह आधार भी है।

केवल 7 महीनों में ही विष्णु सरकार की महतारी वंदन योजना ने महिलाओं में ही नही अपितु उनके घर-परिवार में खुशियों की मिठास घोल दी है। इस योजना से महिलाओं का सम्मान भी बढ़ाने के साथ-साथ उनके जीवनशैली में परिवर्तन किया है। आर्थिक रूप से सशक्तिकरण ने परिवार के बीच रिश्तों की गाँठ को और भी मजबूती से बाँधना शुरू कर दिया है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
**Social Justice Union**
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यका, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001
www.nyaysakshi.com
सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU